nandgaon times feb-17-5.qxd 2/17/2026 12:06 AM Page 1

asianpaints
सभी रेंज किफायती दाम में उपलब्ध
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

महाशिवरात्रि पर्व में नर्मदा धाम सुरसुली में... पृष्ठ 2 | संस्कारों की छांव में विदाई: शासकीय... पृष्ठ 3

नांदगांव टाइम्स

NIPPON PAINT
एशिया पैसिफिक का नंबर 1 पेंट*
अधिकृत विक्रेता
अरुणोदय एजेंसीज
महावीर चौक, राजनांदगांव
93296-47047

मंगलवार, 17 फरवरी 2026, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 50, अंक 126, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

2047 तक विकसित भारत की संकल्पना को पूरा करना हमारा लक्ष्य : सीएम साय

रायपुर. छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी के सभी मोर्चों के प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक पदाधिकारी व कार्यकर्ता शासन की योजनाओं और च्मोदी की गारंटीच् की सफलताओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सक्रिय हों. हमारा लक्ष्य वर्ष 2047 तक च्विकसित भारतच् की संकल्पना को पूरा करना है. सच्ची सेवा भावना के साथ हमें एक शक्तिशाली और समृद्धशाली भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभानी है. प्रदेश के मुख्यमंत्री साय ने सोमवार को राजधानी के कुशाभाऊ ठाकरे परिसर स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में संयुक्त बैठक की प्रदेश कार्यसमिति बैठक को सम्बोधित करते हुए सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा कि भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है, जिसके देशभर में 14 करोड़ कार्यकर्ता और प्रदेश में 60 लाख सदस्य व 80 हजार सक्रिय कार्यकर्ता हैं. युवा, महिला, किसान, एससी, एसटी, ओबीसी और अल्पसंख्यक मोर्चों के माध्यम से समाज के हर वर्ग तक पहुँचना हमारी प्राथमिकता है. मुख्यमंत्री साय ने कहा कि हमने मात्र दो वर्षों में मोदी की गारंटी के अधिकांश वादों को पूरा कर दिया है. 18 लाख प्रधानमंत्री आवासों की स्वीकृति दी. आज हर पंचायत में औसतन 300 मकान बन रहे हैं और 10 लाख से ज्यादा परिवारों का गृह प्रवेश हो चुका है. छत्तीसगढ़ में 21 क्विंटल प्रति एकड़ धान की

खरीदी 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है. होली के पहले 25.24 लाख किसानों के खातों में 10,000 करोड़ रुपये से अधिक की अंतर राशि जमा की जाएगी. इसी प्रकार महिला सशक्तीकरण के दृष्टिगत च्महतारी वंदन योजनाज् के तहत 70 लाख से अधिक माताओं को प्रति माह 1000 रुपए दिए जा रहे हैं. तेंदूपत्ता संग्राहकों को 5500 रुपए पारिश्रमिक, भूमिहीन कृषकों को 10 हजार रुपए सालाना दिए जा रहे हैं. मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा दर्शन की शुरुआत की गई है. उन्होंने कहा कि हमें जनता को इन योजनाओं के बारे में बताना है और इससे लोगों का जुड़ाव सीधे हम तक होगा. पीएम जन-मन योजना के माध्यम से 24 हजार करोड़ रुपए के प्रावधान से जनजातीय क्षेत्रों का विकास किया जा रहा है. राज्य की नई उद्योग नीति की देश-विदेश में सराहना हो रही है. खेलो इंडिया के माध्यम से खेलों को महत्व दिया जा रहा है और पदक जीतने वाले खिलाड़ियों का सम्मान सरकार की प्राथमिकता है. भाजपा क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जम्वाल ने कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए संगठन की शक्ति और आगामी लक्ष्यों का रोडमैप सामने रखा और कहा कि पार्टी आज न केवल देश की, बल्कि विश्व की नंबर वन पार्टी बन चुकी है, लेकिन हमारा वास्तविक लक्ष्य भारत को शक्तिशाली, समृद्धशाली, आत्मनिर्भर और च्विश्वगुरुच् बनाना है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत आज तेजी से प्रगति कर रहा है. हमारा संकल्प वर्ष 2047 तक भारत को एक पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाना है. इस यात्रा में हर कार्यकर्ता का योगदान अनिवार्य है. आज केंद्र की योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुंच रहा है. प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली केन्द्र सरकार और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार के कार्यों और योजनाओं की चर्चा हर घर और हर गली में होनी चाहिए. कार्यकर्ताओं को च्मेरा बूथ, सबसे मजबूतच् के संकल्प के साथ जनता के बीच जाना होगा.

राजनांदगांव क्रिकेट एकेडमी ने एकलव्य भिलाई क्रिकेट एकेडमी को तीन विकेट से हराया

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। राजनांदगांव क्रिकेट एकेडमी एवं एकलव्य भिलाई क्रिकेट एकेडमी के मध्य कमला कॉलेज ग्राऊंड में 30 ओवर का फ्रूल टर्फक्रिकेट में मैच खेला गया टास जीतकर भिलाई के टीम कप्तान विराट चौधरी पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया ओपनींग जोड़ी में महिला क्रिकेटर पूर्वी एवं स्लोक मैदान पर उत्रे पहला विकेट जल्दी गिर गया 4 रन के योग पर अर्ष ऊईके बोल्ट आऊट हुए क्रमशः स्लोक 33 रन, नवीन 22 रन, विराट चौधरी 9 रन पूरी टीम 130 रन पर ऑल आऊट हो गई एक्स्ट्रा 37 रन, आर.सी.ए. की ओर से गेंदबाजी करते हुए हर्ष ऊईके 2 विकेट, आनवी मोहता 1 विकेट, अर्ष खान 1 विकेट लक्ष्य का पीछा करते हुए आर.सी.ए. की ओपींग जोड़ी मैदान पर उतरी। अर्ष सिंग राजपुत एवं अनंन्या स मंडावी पहला विकेट अनंन्या के रूप में पहला विकेट जल्दी गिर गया भीमराव ने कैच आऊट कराया क्रमशः राहुल सारवा 54 रन 7 चौके 3 छक्के की मदद से बनाया , अर्ष खान 33 रन, अर्ष सिंग राजपुत 22 रन, राजवीर ने चौका मारकर मैच को जीताया 7 विकेट खोकर 131 बनाकर मैच को 3 विकेट से जीत लिया। भिलाई की ओर से गेंदबाजी करते हुए भीमराव 4 विकेट, विराट चौधरी 1 विकेट, अंकित 1 विकेट। ऑनलाई स्कोरिंग की गई मैच के मुख्य एम्पायर जोई थामस ।

महतारी वंदन योजना में प्रदेश भर में अव्यवस्था, महिलाओं को पूरा लाभ नहीं सरकार के दावों की खुली पोल

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ सरकार की महतारी वंदन

बसंतपुर की महिलाओं संग पूर्व पार्षद ने सौंपा ज्ञापन 7 दिन का अल्टीमेटम, नहीं तो उग्र आंदोलन की चेतावनी

योजना, जिसके तहत महिलाओं को प्रति माह 1000 रुपये देने का वादा किया गया था, प्रदेशभर में बदहाली का शिकार है। कई जिलों में विधवा और वृद्ध महिलाओं को नवंबर माह से योजना की अंतर राशि नहीं मिली है। हालात यह हैं कि महिलाओं के खातों में लगातार केवल 500 रुपये प्रतिमाह ही जमा किए जा रहे हैं, जिससे सरकार के महिला सशक्तिकरण के दावे खोखले साबित हो रहे हैं।जिले सहित प्रदेश के अनेक हिस्सों से पीड़ित महिलाएँ अपनी समस्या लेकर नगर निगम और संबंधित कार्यालयों के चक्कर काट रही हैं। इसी क्रम में बसंतपुर क्षेत्र से बड़ी संख्या में महिलाएँ युवा नेता पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री के नेतृत्व में निगम पहुँचीं और अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लंबित अंतर राशि के तत्काल भुगतान और नवविवाहित महिलाओं के लिए बंद पड़े पोर्टल को तुरंत खोलने की मांग की गई। युवा नेता जय जायसवाल ने बताया कि क्षेत्र की महिलाओं का कहना है कि उन्होंने सभी आवश्यक दस्तावेज समय पर तैयार कर रखे हैं, इसके बावजूद उन्हें योजना का पूरा लाभ नहीं मिल रहा। कहीं पोर्टल बंद होने का बहाना बनाया जा रहा है तो कहीं केंद्र से राशि न आने की बात कही जा रही है। इससे साफ़ है कि शासन-प्रशासन की लापरवाही का खामियाजा सीधे गरीब, विधवा और वृद्ध महिलाएँ भुगत रही हैं। इस दौरान अधिकारियों के जवाब पर पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने कड़ा ऐतराज जताते हुए कहा कि जब महतारी वंदन योजना राज्य सरकार की है, तो केंद्र पर जिम्मेदारी डालना जनता को गुमराह करने जैसा है। उन्होंने कहा कि यह महिलाओं के साथ सीधा अन्याय है और सरकार जानबूझकर अपनी नाकामी छिपा रही है। युवा नेता पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री के नाम स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि यदि सात दिवस के भीतर प्रदेशभर में महतारी वंदन योजना की लंबित अंतर राशि जारी नहीं की गई और पोर्टल नहीं खोला गया, तो महिलाएँ सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेंगी।

पुरी शंकराचार्यजी पहुंचे वृंदावन , होली तक प्रवास निर्धारित

अरविन्द तिवारी

वृंदावन (नांदगांव टाइम्स)। ऋग्वेदीय पूर्वाम्नाय श्रीगोवर्द्धनमठ पुरीपीठाधीश्वर अनन्तश्री विभूषित श्रीमज्जगद्गुरु शंकराचार्य पूज्यपाद स्वामी श्रीनिश्चलानन्द सरस्वतीजी महाराज इन दिनों अपनी राष्ट्रोत्कर्ष अभियान अंतर्गत श्रीधाम वृन्दावन में प्रवास पर हैं , जहां उनका प्रवास होली तक निर्धारित है। गौरतलब है कि पुरी शंकराचार्यजी पारंपरिक रूप से प्रति वर्ष होली एवं शरद पूर्णिमा के अवसर पर हरिहर आश्रम चैतन्य विहार वृन्दावन में विराजित रहते हैं। इस अवधि में प्रति दिवस पूर्वान्ह साढ़े ग्यारह बजे से आयोजित दर्शन , दीक्षा एवं संगोष्ठी में उपस्थित भक्तजन अपनी धर्म , राष्ट्र तथा अध्यात्म से संबंधित जिज्ञासाओं का वैदिक सिद्धान्त अनुरुप समाधान स्वयं शंकराचार्य के श्रीमुख से प्राप्त कर सकेंगे। वहीं सायं सत्र में पांच बजे से धर्मसभा में महाराजश्री का आध्यात्मिक संदेश श्रवण का सौभाग्य सुलभ होगा। सम सामयिक विषयों पर वक्तव्य के क्रम में राष्ट्र प्रमुख की विशेषताओं की चर्चा करते हुये उद्धृत करते हैं कि राजा वह है जिसको वृक्षों की वेदना व्याप्ति हो , पर्वतों की वेदना व्याप्ति हो , चींटी - चिड़ियों की वेदना व्याप्ति हो। इनको तो गाय की वेदना नहीं व्याप्ति , वेद की वेदना नहीं व्याप्ति। स्थावर - जङ्गम प्राणियों में चींटी - पतंग इन सबका विलोप क्यों। चींटी - चिड़ियों की वेदना आजकल कौन सुने , महायंत्र के युग में वो तो मुर्दाबाद भी नहीं कर सकती।

कोई सन्निवेश नहीं है। रक्षा की प्रणाली भी भारत को अपनी सुलभ नहीं है। कृषि , गोरक्ष्य , वाणिज्य के प्रकल्प भी विदेशियों की ओर से चरितार्थ हैं और सेवा के प्रकल्प भी। संविधान की आधारशिला भी सनातन बेचारे वृक्षों की वेदना कौन सुने , वो आह भी नहीं कर सकते। वर्तमान राष्ट्रीय परिदृश्य के संबंध में कथन है कि बच्चों को , युवकों को दिशाहीन करने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है। धर्म और ईश्वर को , विज्ञान में परिपंथी या अवरोधक माना जा रहा है। भारत में शिक्षा की प्रणाली भी अपनी नहीं है। उसमें धर्म , नीति , अध्यात्म का सिद्धान्त के सर्वथा विपरीत है। यदि किसी के जीवन में कोई दिव्यता है तो समझना चाहिये कि पूर्वजन्मों में उसने मनुस्मृति के अनुसार अवश्य ही आचरण किया होगा। कोई भी दिव्यता , वैदिक संविधान को माने बिना उसका अनुपालन किये बिना सम्भव ही नहीं है। इसी कड़ी में पुरी शंकराचार्यजी कारक कोटि के विभूतियों पर दृष्टांत देते हैं कि कारक - कोटी के जो व्यक्ति होते हैं , वो शब्दब्रह्म - परब्रह्म में निष्णात होने पर भी उनको जो दायित्व प्राप्त होता है कटनी - - छंटनी आदि का , उसमें वो संलग्न रहते हैं। उपशम उनके जीवन में बाहर से परिलक्षित नहीं होता। लोक संग्रह में लगे हुये महानुभाव तो सबके हित का मार्ग प्रशस्त करते ही हैं , कारक - कोटि के जो महानुभाव होते हैं ; परशुरामजी इत्यादि , वो कटनी - छंटनी इत्यादि में भी संलग्न रहते हैं।

फीस के लिए छात्रों का परीक्षा प्रवेश पत्र रोके जाने पर कांग्रेस का विरोध, डीईओ कार्यालय घेरा, तत्काल आदेश जारी

आरटीई के छात्रों से वसूली गई फीस लौटाएं, छात्र - परिजनों को प्रताड़ना बर्दाश्त नहीं करेंगे - जितेंद्र मुदलियार

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। निजी स्कूलों द्वारा शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के तहत अध्ययनरत छात्रों व मध्यम-ग़रीब वर्गीय छात्रों को परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र जारी न किए जाने के गंभीर मामले पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी ने कड़ा रुख अपनाया है। इस मुद्दे को लेकर जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का घेराव करते हुए जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार के नेतृत्व में कांग्रेस नेताओं ने तीखा विरोध दर्ज कराया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि निजी स्कूल आरटीई के तहत शासन स्तर पर लंबित भुगतान का हवाला देकर छात्रों और परिजनों पर अनुचित दबाव बना रहे हैं। इसके साथ ही मध्यम व ग़रीब वर्गीय परिवारों के छात्रों पर भी फीस

चुकाने का दबाव बनाने परीक्षा प्रवेश पत्र रोकने जैसी कार्रवाई न केवल अमानवीय है, बल्कि यह सीधे-सीधे छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ है। आगामी सीबीएसई एवं छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल बोर्ड परीक्षाओं के मद्देनज़र यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक बताई गई। जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष जितेंद्र मुदलियार ने स्पष्ट कहा कि आरटीई का भुगतान राज्य शासन और प्रशासन का विषय है। इसके लिए मासूम छात्रों को मानसिक रूप से प्रताड़ित करना पूरी तरह आपत्तिजनक और अस्वीकार्य है। इसके अलावा मध्यमवर्गीय और गरीब परिवारों के बच्चों को फीस न चुकाए जाने पर परीक्षा से प्रवेश पत्र से वंचित रखना भी सरासर अत्याचार है। उन्होंने मांग की कि आरटीई के तहत अध्ययनरत सभी छात्रों व फीस न चुका पाए मध्यमवर्गीय व गरीब परिवार के छात्रों को बिना किसी देरी के प्रवेश पत्र जारी किए जाएं। 12वीं के छात्रों को परीक्षा के बाद टीसी के नाम पर परेशान न किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन परिजनों से आरटीई के तहत अध्ययनरत छात्रों की फीस वसूली गई है, वह भी तत्काल वापस कराई जाए।

जिले में दिखाई दे रहा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना का असर

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। जिले में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के सफल क्रियान्वयन में ल ग ा त ा र उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की जा रही है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत उपभोक्ताओं को अधिकतम 1 लाख 8 हजार रूपए की सब्सिडी प्रदान की जा रही है। जिससे सोलर रूफटॉप स्थापना जनसामान्य के लिए अधिक किफायती और सुलभ हो गई है। जिले में अब तक 8228 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिनमें से 3518 लाभार्थियों का वेंडर चयन पूर्ण कर लिया गया है। इसके साथ ही 1340 घरों में सोलर पैनलों की स्थापना पूरी हो चुकी है और 875 उपभोक्ताओं को सब्सिडी वितरित की जा चुकी है। इस सप्ताह 181 नए आवेदन प्राप्त हुए तथा 96 इंस्टॉलेशन पूर्ण किए गए, जो योजना की निरंतर बढ़ती गति और जनभागीदारी को दर्शाती है। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का असर जिले में दिखाई दे रहा है। बड़ी संख्या में उपभोक्ताओं के बिजली बिलों में कमी आई है। कई घरों में बिल शून्य या नकारात्मक आ रहे हैं। ऐसे उपभोक्ता अतिरिक्त उत्पादित सौर ऊर्जा को ग्रिड में आपूर्ति कर आय भी अर्जित कर रहे हैं। इससे न केवल परिवारों को आर्थिक लाभ मिल रहा है, बल्कि ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर भी बन रहे हैं। स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने के साथ-साथ यह पहल पर्यावरण संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रही है।

न्यू दिल्ली में भव्य पुरस्कार समारोह

पद्म रत्न और डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित हुए अमित खण्डेलवाल

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। आज देश की राजधानी नई दिल्ली स्थित अंतरराष्ट्रीय युवा संघ के सभागार में एक भव्य एवं गरिमामय पुरस्कार समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय और निरंतर योगदान के लिए एम.जे.एफ लायन अमित खण्डेलवाल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। समारोह में देश-विदेश से पधारे विशिष्ट अतिथियों, समाजसेवियों, पत्रकारों एवं गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और अधिक बढ़ा दिया। समारोह के दौरान अमित खण्डेलवाल जी को समाज के प्रति उनके समर्पण और उत्कृष्ट सेवाओं के लिए निम्नलिखित तीन प्रमुख सम्मानों से सम्मानित किया गया। पद्म रत्न सम्मान सामाजिक सेवा के क्षेत्र में अनुकरणीय योगदान के लिए डॉक्टरेट की मानद उपाधि घाना स्थित वेबिक यूनिवर्सिटी सिटी द्वारा आशा कृष्णा स्मृति पुरस्कार श्रेष्ठ समाजसेवा के लिए सम्मान

ग्रहण करते समय अमित खण्डेलवाल जी अपनी मां को याद करते हुए यह सम्मान लिया इस दौरान अपने परिवार के साथ उपस्थित रहे। जिससे यह क्षण अत्यंत भावनात्मक और स्मरणीय बन गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुंबई से पधारे डॉ. महेश गौड़ (चार्टर्ड अकाउंटेंट) रहे, जो विश्व रिकॉर्ड चैंपियन के रूप में भी प्रसिद्ध हैं। विशेष अतिथियों में प्रमुख रूप से शामिल रहे अब्दुलकरीम अब्बास गोरा उमर मोहम्मद उस्मान मिस्टर चिरागु करांची डॉ. अनुराग सक्सेना, अध्यक्ष जर्नलिस्ट ऑफ भारत, दिल्ली मीना, अंतरराष्ट्रीय सामाजिक अनुसंधान एवं विकास से जुड़ी प्रतिनिधि, नई दिल्ली पंकज खेतवानी, बरेली स्मित कौर, मिसेज इंडिया 2024 मीन्स मल्होत्रा, वर्ष 2024 से जुड़ी फैशन ब्लॉगर एवं प्रभावशाली व्यक्तित्व इसके अतिरिक्त घाना से आए अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों की उपस्थिति ने समारोह को वैश्विक स्वरूप प्रदान किया। सम्मान स्वीकार करते हुए अमित खण्डेलवाल जी ने अपने संबोधन में कहा कि यह सम्मान केवल उनका नहीं है बल्कि उन सभी लोगों का है जो निस्वार्थ भाव से समाजसेवा में लगे हुए हैं। उन्होंने अपने परिवार, सहयोगियों और विभिन्न संस्थाओं का आभार व्यक्त करते हुए समाजसेवा को अपने जीवन का प्रमुख उद्देश्य बताया। कार्यक्रम का समापन सामाजिक एकता, सेवा और सकारात्मक परिवर्तन के संदेश के साथ हुआ। अंतरराष्ट्रीय युवा संघ द्वारा आयोजित यह समारोह न केवल सम्मान का मंच बना, बल्कि युवाओं एवं समाजसेवियों के लिए प्रेरणा का सशक्त स्रोत भी सिद्ध हुआ।

महा शिवरात्रि पर ग्राम जोब में गूंजा रामनाम – किरण रविन्द्र वैष्णव ने दिया संस्कार और एकता का संदेश

छुरिया (नांदगांव टाइम्स)। महा शिवरात्रि के पावन अवसर पर ग्राम पंचायत जोब में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से आयोजित मानस सम्मेलन श्रद्धा, भक्ति और आध्यात्मिक ऊर्जा से ओतप्रोत वातावरण में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला पंचायत सभापति श्रीमती बिरम मंडावी ने की। इस अवसर पर अतिथियों ने ग्रामवासियों को महा शिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए आयोजन की सराहना की कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव एवं प्रभु श्रीराम के पूजन-अर्चन तथा मंगलाचरण के साथ हुई। मानस पाठ, भजन-कीर्तन एवं प्रवचन के माध्यम से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। दूर-दूर से आए श्रद्धालुओं सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी, महिलाएं, युवा एवं बुजुर्ग उपस्थित रहे। आयोजन स्थल पर आस्था और उत्साह का अनूठा संगम देखने को मिला।

मुख्य अतिथि श्रीमती वैष्णव ने अपने उद्बोधन में कहा कि धार्मिक आयोजन समाज को संस्कारवान बनाते हैं और आपसी भाईचारे को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा कि रामचरितमानस हमें मर्यादा, कर्तव्य और आदर्श जीवन जीने की प्रेरणा देता है। गांवों में इस प्रकार के सामूहिक कार्यक्रम हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने ग्रामवासियों की एकजुटता और सहयोग भावना की सराहना करते हुए कहा कि जब समाज मिलकर कार्य करता है तो विकास के नए आयाम स्थापित होते हैं। उन्होंने क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर प्रयास करने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई। कार्यक्रम के दौरान ग्राम के वरिष्ठजनों एवं आयोजन समिति द्वारा मुख्य अतिथि का पुष्पहार, श्रीफल एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। आयोजन को सफल बनाने में समिति के सदस्यों एवं ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा। अंत में मुख्य अतिथि ने समस्त ग्रामवासियों के सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना करते हुए महा शिवरात्रि की हार्दिक बधाई दी।

विधायक भोलाराम साहू ग्राम मानिकपुर, हालाडुला एवं करेठी में महाशिवरात्रि पर्व पर हुए शामिल

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। दिनांक 15 फरवरी 2026 को खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक भोलाराम साहू ग्राम मानिकपुर, हालाडुला एवं करेठी में आयोजित विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। ग्राम मानिकपुर में आदिवासी ध्रुव गोड़ समाज द्वारा आयोजित देवगुड़ी स्थापना कार्यक्रम में विधायक ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर समाज की परंपराओं और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने की सराहना की। उन्होंने कहा कि देवगुड़ी हमारी आस्था और आदिवासी संस्कृति का केंद्र है, जो सामाजिक एकता और आध्यात्मिक शक्ति का प्रतीक है। वहीं ग्राम हालाडुला में आयोजित शंभु शेख महा जागरण में शामिल होकर उन्होंने भजन-कीर्तन का आनंद लिया और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। ग्राम करेठी में आदिवासी कंवर समाज द्वारा आयोजित महाशिवरात्रि पर्व कार्यक्रम में भी विधायक ने सहभागिता करते हुए समस्त ग्रामवासियों को महाशिवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। अपने उद्बोधन में विधायक ने कहा कि महाशिवरात्रि साधना, आत्मशुद्धि, आध्यात्मिक जागरण और शिव-शक्ति के मिलन का पावन पर्व है। यह पर्व अंधकार पर प्रकाश और असत्य पर सत्य की विजय का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को भगवान शिव द्वारा बताए गए सत्य, संयम और सदाचार के मार्ग पर चलकर जीवन में सफलता प्राप्त करनी चाहिए। विधायक ने ग्राम मानिकपुर, हालाडुला एवं करेठी सहित क्षेत्र के समस्त नागरिकों के प्रति आत्मीय स्वागत-सत्कार के लिए आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्रताप धावड़े (ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कुमरदा), लक्ष्मी मंडावी (जनपद सदस्य), पिन्की देव पंद्रों (जनपद सदस्य), कोमल सिन्हा (सरपंच हालाडुला), कुमारी बाई (सरपंच करेगांव), पुनम साहू (सरपंच धनगांव), प्रतिमा साहू (पूर्व जनपद सदस्य), राजकुमारी सिन्हा (पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष), ओमप्रकाश पडौती (पूर्व जनपद सदस्य), लक्ष्मीनारायण साहू, गिरधारीलाल साहू (कार्यकारिणी ब्लॉक अध्यक्ष कुमरदा), कामता प्रसाद साहू, चुरामन कोर्राम, देवीलाल ग्राम पटेल, अहिल्या बाई, नागेश साहू, सुंदर मंडावी, कंवल राम सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

सिंघोला सुशासन तिहार में गूंजा सुरगी का मुद्दा: 11 केव्ही लाइन हटाने ग्रामीणों की फिर उठी मांग

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। पूर्व मुख्यमंत्री एवं वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के ग्राम सिंघोला में आयोजित सुशासन तिहार कार्यक्रम के दौरान आदर्श ग्राम सुरगी के वार्ड क्रमांक 16 के ग्रामीणों ने 11 केव्ही विद्युत लाइन को आवासीय परिसर के ऊपर से हटाने की मांग को लेकर पुनः ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत सुरगी अंतर्गत वार्ड 16 में 11 केव्ही विद्युत लाइन का विस्तार इस प्रकार किया गया है कि वह सीधे आवासीय मकानों के ऊपर से गुजर रही है। इससे निरंतर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस संबंध में विद्युत विभाग एवं शासन प्रशासन को वर्ष 2017 से लगातार पत्राचार किया जा रहा है, किंतु आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। ग्रामीणों ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि अब तक इस विद्युत लाइन के कारण तीन लोगों की मृत्यु हो चुकी है, इसके बावजूद लाइन को अन्य सुरक्षित मार्ग से स्थानांतरित नहीं किया गया। उन्होंने मांग की कि 11 केव्ही लाइन को तत्काल हटाकर वैकल्पिक मार्ग से व्यवस्थित किया जाए। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि विभाग द्वारा लगभग 4 लाख रुपये की डिमांड राशि निर्धारित की गई है। उनका कहना है कि वार्ड के तीन परिवार सामान्य वर्ग से हैं तथा शेष परिवार देवार जाति (हरिजन) वर्ग से संबंधित हैं, जो आर्थिक रूप से कमजोर हैं और इतनी बड़ी राशि जमा करने में असमर्थ हैं। अतः उन्होंने शासन से अनुरोध किया है कि उक्त राशि शासन स्तर पर या विधायक निधि से स्वीकृत कर विद्युत लाइन को हटाने की कार्रवाई की जाए। ज्ञापन सौंपने वालों में गैदु राम साहू, भूवन लाल, लालाराम साहू, नरेंद्र कुमार, हेमराज, सुरेश, वीरेंद्र, गोपी मरकाम, राजेश मरकाम, पूर्णिमा बाई, निशा, रूपराम केसरी, गंगा, वीरेंद्र कुमार, डोमेश कुमार, टिंकू, निर्मला, सुभद्रा साहू, रोमन, धनेश्वरी बाई, हीरावाई, फागूराम, मोहनलाल, ओमप्रकाश, हुलासी, गुलाबा, नकुल सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी शामिल रहे।



शुभांक

2-6-8

270-9 789-4

भाग्यांक

347-4 358-6

महाशिवरात्रि पर्व में नर्मदा धाम सुरसुली में माँ नर्मदा कुंड के जल से हुआ सामूहिक 108 पार्थिव शिवलिंग भवानी शंकर रुद्राभिषेक

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। संकल्प जन सेवा समिति देवरी के तत्वावधान एवं आंचलिक ग्रामवासियों के सहयोग से महाशिवरात्रि पर्व तथा सोमनाथ स्वाभिमान पर्व (1000 वर्ष पूर्ण) रविवार को नर्मदा धाम, सुरसुली (देवरी) में सामूहिक 108 पार्थिव शिवलिंग भवानी शंकर रुद्राभिषेक का भव्य आयोजन गया. आयोजन स्थल पर आकर्षक मंच निर्माण, विद्युत साज-सज्जा, सुदृढ़ ध्वनि व्यवस्था एवं श्रद्धालुओं के बैठने की समुचित व्यवस्था निःशुल्क रुद्राक्ष एवं प्रसाद वितरण के साथ भगवान शिव-पार्वती विवाह प्रसंग एवं माँ गंगा आरती की तर्ज पर भव्य माँ नर्मदा आरती को शिव भक्तजनों ने खूब सराहा जिससे अंचल का पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया है । कार्यक्रम में बनारस विश्वविद्यालय के विद्वान आचार्यों द्वारा वेद मंत्रोच्चार एवं शास्त्रोक्त विधि-विधान से रुद्राभिषेक संपन्न कराया गया । प्रमुख आचार्य के रूप में पं. हितेश तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष (युवा प्रकोष्ठ), प्रांतीय अखंड ब्राह्मण समाज की गरिमामयी उपस्थिति रही. साथ ही उन्होंने माता पिता की परिक्रमा कर दोनों हाथों से प्रणाम करने का युवा पीढी से आह्वान किया साथ ही अंचल में हो रहे धर्मान्तरण के विरुद्ध दृढ़ता से खड़े रहने की बात कही. 7500 हजार परिवार को निःशुल्क रुद्राक्ष वितरण किया गया एवं श्याम्कालिक प्रसाद वितरण (भंडारा) की विशेष व्यवस्था रही. यजमानों को पूजा सामग्री लाने की आवश्यकता नहीं पड़ी क्योंकि समस्त पूजन सामग्री आयोजन समिति द्वारा उपलब्ध कराई गई. संस्था के संचालक भरत देवांगन ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य क्षेत्र में धार्मिक जागरूकता एवं सांस्कृतिक एकता को सुदृढ़ करना है। कार्यक्रम को सफल बनाने में आईसेक्ट कंप्यूटर देवरी के समस्त स्टाफएवं छात्र-छात्राओं का सहयोग रहा । साथ ही न्यूज़ भारत एवं यूट्यूब चैनल च्व्लॉगिंगफाईन्ज् के माध्यम से कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी किया गया । पर्व में किसी तीर्थ स्थल पर सामूहिक रुद्राभिषेक का विशेष महत्त्व बताया गया है आसपास के अंचल में माँ नर्मदाधाम को तीर्थ स्थल के रूप में पूजा जाता है जिसे विद्वाचार्यों द्वारा परम पुन्य एवं हजारों यज्ञ के बराबर बताया. शिव भक्त गायत्री साहू, माधव साहू ने बताया है कि इस आयोजन में अंचल के ग्रामवासी, जन प्रतिनिधि के साथ साथ बालोद, राजनंदगांव, खैरागढ़, रायपुर, डोंगरगांव, धमतरी अंचल से शिव भक्त यजमान स्वरूप बड़ी संख्या में उपस्थित हुए थे. इस आयोजन को सफल बनाने में मुख्य रूप से आईसेक्ट परिवार के समस्त स्टाफएवं छात्र छात्राएं ने सराहनीय योगदान प्रदान किया जिसके फल स्वरुप यह आयोजन सफल रहा.

वनाग्नि प्रबंधन पर एक दिवसीय जन जागरूकता कार्यशाला सम्पन्न

वन परिक्षेत्र के पेड़ पौधों को आग से बचाने व सुरक्षित रखने के उद्देश्य से एक दिवसीय जन जागरूकता कार्यशाला सम्पन्न

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। खुज्जी वन विभाग और राजनांदगांव वन मंडल के सयुक्त तत्वधान में वनों को अग्नि से सुरक्षित रखने एवं ग्रामीणों में जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से वन परिक्षेत्र खुज्जी , डोंगरगांव में एक दिवसीय जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया ,कार्यक्रम में वनमंडल राजनांदगांव के अधिकारियों की उपस्थिति में वनाग्नि के कारणों एवं उसके दुष्प्रभावों पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में वन क्षेत्रपाल, वनपाल, वनरक्षक, बीट गार्ड, फायरवाचर, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी, लघु वनोपज सहकारी समिति के प्रबंधकगण तथा ग्रामीणजन उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि वर्तमान समय में वनाग्नि की घटनाओं में वृद्धि देखी जा रही है, जिसके प्रमुख कारण महुआ संग्रहण के दौरान जमीन साफ करने हेतु लगाई जाने वाली आग, शिकार की प्रवृत्ति, ग्रामवासियों के आपसी रंजिशवश आगजनी, कुछ पत्राधारकों द्वारा लापरवाही तथा वन क्षेत्र के समीप विकसित हो रहे पिकनिक स्थलों पर असावधानीपूर्वक जलती आग छोड़ देना शामिल हैं। कार्यक्रम में वन विभाग द्वारा बताया गया कि वनाग्नि से वन्य जीव-जंतुओं को भारी क्षति पहुँचती है, जैव विविधता प्रभावित होती है तथा मिट्टी की उर्वरता नष्ट हो जाती है। आग के कारण मिट्टी की ऊपरी परत जल जाती है जिससे भविष्य में वर्षा जल को अवशोषित करने की क्षमता कम हो जाती है। इसके परिणामस्वरूप मिट्टी का कटाव बढ़ता है और आने वाले समय में सूखे जैसी परिस्थितियाँ उत्पन्न हो सकती हैं। कार्यक्रम में वनाग्नि रोकथाम हेतु बीट निरीक्षण को नियमित रूप से करने, संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर निगरानी बढ़ाने तथा त्वरित नियंत्रण दल को सक्रिय रखने पर बल दिया गया। महुआ सीजन को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया कि महुआ वृक्षों का पंजीयन कर संबंधित परिवारों का विवरण रजिस्टर में दर्ज किया जाएगा तथा उन्हें विशेष रूप से आग्रह किया जाएगा कि वे महुआ संग्रहण के लिए आग का उपयोग न करें। इसी प्रकार तेंदूपत्ता संग्राहकों को भी वनाग्नि से बचाव के संबंध में समझाइश दी गई एवं उन्हें जागरूक किया गया कि लापरवाही से पूरा वन क्षेत्र प्रभावित हो सकता है। अधिकारियों ने ग्रामीणों से अपील की कि वन हमारी प्राकृतिक संपदा है और इसकी सुरक्षा सामूहिक जिम्मेदारी है। यदि कहीं भी आग की घटना दिखाई दे तो तत्काल वन विभाग को सूचना देने की अपील की गई है, कार्यक्रम का उद्देश्य वन एवं वन्य प्राणियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना तथा भविष्य में वनाग्नि की घटनाओं को न्यूनतम करना है। वन विभाग द्वारा आयोजित एक दिवसीय जन जागरूकता कार्यशाला में प्रमुख रूप से आकाश ठाकुर प्रशिक्षु प्रभारी परिक्षेत्र अधिकारी खुज्जी, लवकेश गिलहरे प्रशिक्षु राजनांदगांव, प्रवीण कुमार देहारे वन क्षेत्रपाल प्रशिक्षु उमरवाही, पवन देवांगन राजनांदगांव, अजय श्रीवास्तव तुमड़ीबोड़, विनोद मिश्रा डोंगरगांव सहित वन विभाग के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

ग्राम मोहंदी स्थित मेसर्स जया हाउसहोल्ड स्पेशिलिटी केमिकल्स प्राईवेट लिमिटेड में उद्योग के एन्थ्राक्यूनॉन पावडर स्टोरेज सेक्शन में औद्योगिक दुर्घटना व आगजनी पर काबू पाया गया

जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन द्वारा तत्काल की गई सक्रियतापूर्वक कार्रवाई

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मोहंदी स्थित मेसर्स जया हाउसहोल्ड स्पेशिलिटी केमिकल्स प्राईवेट लिमिटेड में दोपहर 12 बजे उद्योग के एन्थ्राक्यूनॉन पावडर स्टोरेज सेक्शन में औद्योगिक दुर्घटना व आगजनी हुई थी। इस घटना की सूचना मिलने पर प्रभारी कलेक्टर एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह के दिशा-निर्देश पर जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा तत्काल तत्परतापूर्वक कार्रवाई करते हुए राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई एवं दुर्ग जिले से 8 फायरब्रिगेड गाडियां बुलाई गई और उद्योग में लगी आग पर काबू पाया गया। इस दुर्घटना व आगजनी से किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री वैशाली जैन, एसडीओपी सुश्री मंजूलता वाज, तहसीलदार घुमका, श्री मुकेश ठाकुर, नायब तहसीलदार घुमका श्री रामलखन चौहान, थाना प्रभारी घुमका श्री विजय मिश्रा, टीआई बसंतपुर श्री हेमंत साहू सहित जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग की टीम उपस्थित थे। क्षेत्रीय अधिकारी छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल भिलाई से डॉ. अनीता सावंत एवं कनिष्ठ वैज्ञानिक श्री शिवप्रसाद द्वारा मौके का निरीक्षण किया गया। उनके द्वारा आगजनी की घटना की जांच की जा रही है। आग लगने का स्पष्ट कारण अभी तक पता नहीं चला है। निरीक्षण के दौरान उद्योग प्रतिनिधि व मैनेजर श्री केजी शर्मा उपस्थित रहे।



NAME CHANGE

I Nupendra Verma, son of Mr. Pritam Verma, resident of House No. 76, Ward No. 4, Village - Rahud, Post - Saloni, Block - Khairagarh, District - KCG, PIN-491444, hereby declare that my name is mentioned as "Nupendra Kumar" in my 10th Certificate. However, my correct and current name, as mentioned in all other government documents, is "Nupendra Verma".Both names, "Nupendra Kumar" and "Nupendra Verma", refer to one and the same person, i.e., myself.Henceforth, I shall be known as Nupendra Verma for all official and legal purposes.
Date: 16/02/2026
Place: Khairagarh

Nupendra Verma,
son of Mr. Pritam Verma, resident of House No. 76, Ward No. 4, Village - Rahud, Khairagarh, District -KCG

आरगांव (तुमड़ीबोड़) में विराट देवी जस गायन एवं झाँकी प्रतियोगिता

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। ग्राम आरगांव (तुमड़ीबोड़) में प्रथम वर्ष नायकदेव धाम के पावन सानिध्य में एक दो दिवसीय विराट देवी जस गायन एवं झाँकी प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस धार्मिक एवं सांस्कृतिक महोत्सव का आयोजन जय माँ शीतला युवा जस झाँकी समिति के तत्वावधान में एवं समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य देवी भक्ति, लोकसंस्कृति एवं जस गायन परंपरा को सहेजना एवं नई पीढ़ी तक पहुँचाना है।

कार्यक्रम का विवरण दो दिवसीय विराट देवी जस गायन एवं झाँकी प्रतियोगिता विषय मनपसंद दिनांक 14 एवं 15 फरवरी 2026 (शनिवार रविवार) स्थान नायकदेव धाम, ग्राम आरगांव (तुमड़ीबोड़) प्रवेश शुल्क झाँकी पक्ष ? 251/- गायन वर्ग पुरुष वर्गः ? 201/- महिला वर्गः ? 201/- पुरस्कार वितरण विवरण झाँकी प्रतियोगिता (पुरस्कार) प्रथम पुरस्कार ? 7001/- द्वितीय पुरस्कार ? 5001/- तृतीय पुरस्कार ? 3501/- चतुर्थ पुरस्कार ? 2501/- पंचम पुरस्कार ? 1521/- विजेता मण्डली को फोटो फ्रेम (आयुष कुमार डौण्डी एवं दिव्यांश पांडे, भौगांव द्वारा प्रदत्त) गायन प्रतियोगिता पुरुष वर्ग प्रथम ? 5001/- द्वितीय ? 2001/- तृतीय ? 2001/- पंचम ? 1801/- गायन प्रतियोगिता महिला वर्ग प्रथम ? 4001/- द्वितीय ? 3001/- तृतीय ? 2001/- चतुर्थ ? 1501/- पंचम ? 1001/- विशेष पुरस्कार श्रेष्ठ पुरस्कार ? 3000/- मंचस्थ मण्डली पुरस्कार ? 301/- प्रत्येक सहभागी मण्डली को प्रोत्साहन राशि प्रदान की जाएगी सदाबहार एवं सहभागिता राशि झाँकी पक्ष ? 1203/- गायन पक्ष ? 800/- विशेष दानदाता एवं सहयोगी समिति द्वारा सभी दानदाताओं, सहयोगियों एवं ग्रामवासियों का हृदय से आभार व्यक्त किया जाता है जिनके सहयोग से यह आयोजन संभव हो पाया है। संपर्क सूत्र श्री मास्ति गढ़वा बाजा पार्टी यूनेन्द्र निषाद 9340605381 जिल्वर कुंभकार 7500398565नश्री सोनू मंधाली (ग्राम कटली) 6164316359 भो मूलदास 9301990932 समर्थ म्यूज़िक 4300836030नमार्गदर्शक एवं आयोजन समिति मार्गदर्शक कपलाल कुंभार, रामकुमार कुंभकार, ऐनकुमार कुंभकार, श्रीदान कुंभकार, सुपमा नादर, बहुलताराम, अजित राम सहित अन्य वरिष्ठजन।आयोजक जय माँ शीतला युवा जस झाँकी समिति एवं समस्त ग्रामवासी, आरगांव (तुमड़ीबोड़) आप सभी श्रद्धालुओं, कलाकारों एवं जस मण्डलियों से विनम्र अनुरोध है कि इस विराट धार्मिक आयोजन में सहभागी बनकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएँ।

प्राची लालवानी बनी सिंधी महापंचायत महिला विंग की प्रदेश उपाध्यक्ष

बालोद (नांदगांव टाइम्स)। शहर के भक्त माता कर्मा कन्या महाविद्यालय की जनभागीदारी अध्यक्ष, पूर्व शहर भाजपा मंडल की मंत्री एवं जूनियर डीपीएस की प्राचार्या श्रीमती प्राची लालवानी को छत्तीसगढ़ सिंधी सेवा महापंचायत की महिला विंग का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किए जाने पर सिंधी समाज एवं भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

श्रीमती प्राची लालवानी प्रारंभ से ही समाज सेवा एवं भारतीय जनता पार्टी में सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं। समाज के प्रति उनकी निष्ठा, परिश्रम एवं समर्पण को दृष्टिगत रखते हुए महापंचायत के संरक्षक श्रीचंद सुंदरानी जी की सहमति एवं अध्यक्ष श्री अमर गिद्वानी जी की अनुशंसा पर, महासचिव श्री जितेंद्र बड़वानी तथा महिला विंग की अध्यक्ष श्रीमती भावना कुकरेजा द्वारा उनके नाम की घोषणा की गई। महापंचायत के प्रवक्ता श्री दिनेश आठवानी ने उक्त जानकारी प्रदान की।

नाम परिवर्तन

मैं, उदयांचल पिता श्री पवन कुमार जाति गोड़ निवासी मकान नं.-125, वार्ड नं.-15, ग्राम दर्रीबांधा तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) का हूँ। जो कि मेरे नाम से जारी आधार कार्ड में मेरा नाम उदयांचल मंडावी दर्ज है। जो त्रुटिपूर्ण है। जिसे सुधार कर सही नाम उदयांचल पिता श्री पवन कुमार दर्ज किया जावे।

उदयांचल
पिता श्री पवन कुमार
निवासी ग्राम दर्रीबांधा
तह.-डोंगरगांव,
जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

समस्तसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अगरौतीन बाई पटेल पति वकील पटेल निवासी ग्राम बड़े कुसमी पो.-मुसराकला थाना-तहसील डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव छ0ग0 की निवासी हूं मेरे पुत्र के आधार मे नाम प्रेम कुमार पिता वकील पटेल अंकित है जिसे परिवर्तन कर एव अब मेरे पुत्र का पूरा नाम प्रेम कुमार पटेल PREM KUMAR PATEL पिता वकील पटेल VAKIL PATEL के नाम से जाना एव पहचाना जावे ।

सूचना जाने
भवदीय
अगरौतीन बाई पटेल
पति वकील पटेल
निवासी ग्राम बड़े कुसमी
तहसील डोंगरगढ़
जिला-राजनांदगांव छ.ग.

नाम परिवर्तन

मैं, रोहित कुमार पिता श्री बृजलाल जाति तेली निवासी ग्राम चापाटोला (आलकनहार) तहसील मोहला, जिला मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.) का हूँ। जो कि मेरे पुत्र के नाम से जारी आधार कार्ड में उनका नाम चैता कुमार साहू दर्ज जो त्रुटिपूर्ण है। जिसे सुधार कर आधार कार्ड में सही नाम गीत कुमार साहू पिता श्री रोहित कुमार दर्ज किया जावे।

रोहित कुमार
पिता बृजलाल
निवासी ग्राम चापाटोला (आलकनहार)
तहसील मोहला
जिला - मोहला-मानपुर-
अं.चौकी (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

मैं, नरेन्द्र सोनकर पिता श्री दीनाराम सोनकर जाति-सोनकर निवासी ग्राम बरसनटोला तहसील डोंगरगांव, जिला राजनांदगांव (छ.ग.) का हूँ। जो कि मेरे पुत्र के नाम से जारी आधार कार्ड में उनका नाम भेमेन्द्र कुमार दर्ज जो त्रुटिपूर्ण है। जिसे सुधार कर आधार कार्ड में सही नाम धावेन्द्र पिता श्री नरेन्द्र दर्ज किया जावे।

नरेन्द्र सोनकर
पिता श्री दीनाराम सोनकर
ग्राम बरसनटोला
तहसील डोंगरगांव
जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिकदण्डाधिकारी खैरागढ़ जिला खैरागढ़, छुईखदान, गण्डई (छ.ग)
ईश्तहार

रा मा क्र बी-121 वर्ष 20 -20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक रोहित सूर्यवंशी आत्मज परदेशी सूर्यवंशी निवासी रिपरिया, पो.ह.न ..... तहसील खैरागढ़, जिला खैरागढ़- छुईखदान-गंडई छ.ग। स्वयं रोहित सूर्यवंशी आत्मज परदेशी सूर्यवंशी जन्म प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में जन्म दिनांक 17/08/1985 को स्थान रिपरिया में होना बताया जाकर जन्म प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचारधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/ आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि 06/03/2026 लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 9/2/26 को मेरे हताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
जारी दिनांक 09/02/2026
सुनवाई दिनांक 06/03/26

सील **कार्यपालिक दंडाधिकारी** **सौरगढ़**

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिकदण्डाधिकारी खैरागढ़ जिला खैरागढ़, छुईखदान, गण्डई (छ.ग)
ईश्तहार

रा मा क्र बी-121 वर्ष 20 -20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक सुखचंद कोसरे आत्मज तालदास निवासी महरमकला, प.ह.न..... तहसील खैरागढ़, जिला खैरागढ़- छुईखदान-गंडई छ.ग। पुत्र स्व. अरुण कोसरे आ. सुखचंद कोसरे मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में मृत्यु दिनांक 23/09/2020 को स्थान महरमकला में होना बताया जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचारधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/ आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि 9/3/2026 लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 9/2/26 को मेरे हताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
जारी दिनांक 09/02/2026
सुनवाई दिनांक 09/03/26

सील **कार्यपालिक दंडाधिकारी** **सौरगढ़**

न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिकदण्डाधिकारी खैरागढ़ जिला खैरागढ़, छुईखदान, गण्डई (छ.ग)
ईश्तहार

रा मा क्र बी-121 वर्ष 20 -20

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि, आवेदक सुखचंद कोसरे आत्मज तालदास निवासी महरमकला, प.ह.न..... तहसील खैरागढ़, जिला खैरागढ़- छुईखदान-गंडई छ.ग। माता स्व. पुन्नी बाई कोसरे आ. तालचंद कोसरे मृत्यु प्रमाण पत्र की मांग की गई है। उपरोक्त आवेदन पत्र इस न्यायालय में मृत्यु दिनांक 01/01/2018 को स्थान महरमा कला में होना बताया जाकर मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने हेतु प्रकरण विचारधीन है। इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/ आपत्ति हो तो सुनवाई तिथि 9/2/2026 लिखित में स्वयं/अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा।

यह ईश्तहार दिनांक 9/2/26 को मेरे हताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
जारी दिनांक 09/02/2026
सुनवाई दिनांक 09/03/26

सील **कार्यपालिक दंडाधिकारी** **सौरगढ़**

न्यायालय तहसीलदार सौरगढ़ जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई
-:: ईश्तहार::-

रा.प्र.क्र. 202601290500046 म/6 वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा ग्राम अमचेरीडोबूर्ड पटा. 30 तहसील डौरगढ़ जिला खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई के द्वारा आवेदक: अनिल पिता स्व. घनश्याम निवासी नेहरु नगरीय सजोगन जिला प्रयागराज (उ.प्र.) द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि ग्राम अमचेरीडोबूर्ड स्थित भूमि ख.न. 60, ए1 रकबा 3.071, 1.214 है भूमि कुल ख.न. 02 कुल रकबा 4.285 है भूमि राजस्व रिकॉर्ड में ग्राम राजअवतार के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। शहीदवर चंद्रशेखर सिंह राजअवतार की मृत्यु दिनांक 05/11/1989 को हुए है। तथा शहीदवर चंद्रशेखर सिंह राजअवतार की मृत्यु हो जाने के कारण आवेदक द्वारा अपने आवेदन में बताये अनुसार इनके विधिक वारिसान स्व. रामसुमन, स्व परमसुख, स्व. राजकुमार तीनों की मृत्यु हो जाने से इनके वारिसान शपेरामन पिता स्व. रामसुख, धनेन्द्र, विनोद, रामकुमार तीनों पिता स्व. गिरातनि, सविन्द्रपाल पिता स्व. रामनिधि, श्रीमती नीता पिताश्री केश्व स्व. रामनाथि की कन्यायें, अंजिताश, अनिल, विवेकानंद सभी पिता स्व. श्री परमसुख, श्री धनेन्द्र, श्री प्रशांत, श्रीमती रेखा, श्री धनराज, पाल शिवदी केश्व रामनाथ, श्री विनोद, कुमार पंच दिनेश कुमार दोनों पिता स्व. श्री रामसेवक हैं। अतः उक्त वर्णित भूमि पर शहीदवर चंद्रशेखर सिंह राजअवतार का नाम विलोपित कर उपरोक्त विधिक वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने निवेदन किया गया है।

अतएव उपरोक्त ग्राम अमचेरीडोबूर्ड स्थित भूमि ख.न. 60, ए1 रकबा 3.071, 1.214 है भूमि कुल ख.न. 02 कुल रकबा 4.285 है भूमि पर से शहीदवर चंद्रशेखर सिंह राजअवतार का नाम विलोपित कर आवेदक द्वारा बताये अनुसार उपरोक्त विधिक वारिसान का नाम दर्ज किये जाने निवेदन किया गया है।

अतएव उपरोक्त ग्राम अमचेरीडोबूर्ड स्थित भूमि ख.न. 60, ए1 रकबा 3.071, 1.214 है भूमि कुल ख.न. 02 कुल रकबा 4.285 है भूमि पर से शहीदवर चंद्रशेखर सिंह राजअवतार का नाम विलोपित कर आवेदक द्वारा बताये अनुसार उपरोक्त विधिक वारिसान का नाम दर्ज किये जाने से किसी किसी को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे पेशी दिनांक 27/02/2026 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत कालावधि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

किया गया। यह ईश्तहार आज दिनांक:2/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी
जारी दिनांक 12/02/2026
सुनवाई दिनांक 27/02/2026

सील **तहसीलदार** **जिला-खैरागढ़-छुईखदान-गण्डई**

nandgaon times feb-17-5.qxd 2/17/2026 12:06 AM Page 3

ज्ञान मंथन

1) समुद्री शैवाल खेती को बढ़ावा देने पर पहला राष्ट्रीय सम्मेलन कहाँ आयोजित किया गया था?
2) हाल ही में किस न्यूरो टेक्नोलॉजी कंपनी ने मानव मस्तिष्क में पहली कंप्यूटर चिप लगाई है?
3) भारतीय संविधान में कितनी अनुसूचियाँ है?
4) भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान बलिया में किसने समानांतर सरकार स्थापित की थी?
5) उत्तराखण्ड की पहली महिला मुख्य सचिव के रूप में किसे नियुक्त किया गया है?

RamaQuiz (Pappu Ganesh)

उत्तर माला

(1) कच्छ (2) न्यूरालिंक (3) 12 (4) चितू पांडेय (5) राधा रतूड़ी

संस्कारों की छांव में विदाई: शासकीय हाईस्कूल तरौद में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों को आशीर्वाद समारोह के रूप में मिला मार्गदर्शन

बालोद (नांदगांव टाइम्स)। बोर्ड परीक्षा से पूर्व शासकीय हाईस्कूल तरौद में कक्षा 10वीं के विद्यार्थियों की विदाई को पारंपरिक तरीके से न मनाकर एक अनोखे और संस्कारपूर्ण रूप में च्आशीर्वाद समारोहज्‍ के रूप में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल भावनात्मक विदाई देना नहीं, बल्कि उन्हें परीक्षा के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा, आत्मविश्वास और सही मार्गदर्शन प्रदान करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ सत्येन्द्र महाराज, तरौद के सान्निध्य में मां सरस्वती की पूजा-अर्चना एवं मंत्रोच्चार के साथ हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों को शिक्षा के महत्व, एकाग्रता और परिश्रम की शक्ति पर प्रकाश डालते हुए बोर्ड परीक्षा में सफलता के लिए सद्बुद्धि और आत्मबल का आशीर्वाद प्रदान किया। समारोह के दौरान विद्यालय की प्राचार्य लीनू तुली ने विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षा से संबंधित महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने समझाया कि उत्तर पुस्तिका में साफ-सुथरी लिखावट, प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर क्रमबद्ध उत्तर देना, मुख्य बिंदुओं को रेखांकित करना और समय प्रबंधन का विशेष ध्यान

रखना अच्छे अंक प्राप्त करने में सहायक होता है। विद्यार्थियों को यह भी सलाह दी गई कि वे पहले उन्हीं प्रश्नों को हल करें जिनमें उन्हें पूरा आत्मविश्वास हो और उत्तर संक्षिप्त, सटीक एवं तथ्यपरक रखें। कार्यक्रम में शाला विकास समिति की अध्यक्ष महेश्वरी ठाकुर, ग्राम पंचायत तरौद के सरपंच धर्मेन्द्र रामटेके, समिति सदस्य सी. बी. साहू, हेमन्त साहू, मलखम राणा, मिलेन्द्र निषाद सहित पंचगण एवं अन्य जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। सभी ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए मेहनत, अनुशासन और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। विद्यालय परिवार की ओर से नारायण सिंह उड़सेना, जोहत्रि नायक, तीज कोठरिया, अनुपा पाण्डेय, ज्योति साहू एवं उत्तम कुमार ठाकुर सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को मार्गदर्शन के साथ ही आशीर्वाद प्रदान किया और सफलता की कामना की। समारोह के पश्चात विद्यार्थियों को प्रवेश पत्र वितरित किए गए तथा स्वल्पाहार का आयोजन किया गया। पूरे आयोजन में भावनाओं के साथ-साथ संस्कार और मार्गदर्शन का अद्भुत समन्वय देखने को मिला। इस प्रकार शासकीय हाईस्कूल तरौद ने विदाई को एक नई पहचान देते हुए उसे आशीर्वाद, संस्कार और सफलता के संकल्प से जोड़कर एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत किया।

जिले के बिजली उपभोक्ताओं के टैरिफ याचिकाओं पर जन-सुनवाई आज

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग (सीएसईआरसी) द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 से 2029-30 के लिए बिजली दरों के निर्धारण और राजस्व आवश्यकताओं से संबंधित याचिकाओं पर कबीरधाम जिले के उपभोक्ताओं के लिए जन-सुनवाई आयोजित की जा रही है। सीएसईआरसी द्वारा पहली बार छत्तीसगढ़ राज्य के दूर-दराज क्षेत्रों के विभिन्न उपभोक्ताओं को उक्त जनसुनवाई की प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए क्षेत्रवार ऑनलाईन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। राज्य की बिजली कंपनियों द्वारा प्रस्तुत याचिकाओं पर आम जनता, किसान और उद्योगपति अपने सुझाव व आपत्तियाँ दर्ज करा सकते हैं। राजनांदगांव क्षेत्र के अंतर्गत कबीरधाम जिला के उपभोक्ताओं को आयोग के रायपुर कार्यालय से सीधे जुड़ने के लिए 17 फरवरी 2026 को दोपहर 3 बजे से 04:30 बजे तक राजनांदगांव शहर के पारीनाला स्थित कार्यपालक

निदेशक कार्यालय, छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड, राजनांदगांव पर उपस्थित हो सकते हैं। यदि कोई उपभोक्ता सीधे रायपुर आयोग कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी बात रखना चाहता है, तो 19 फरवरी 2026 को दोपहर 12 से 01:30 बजे तक कृषि एवं कृषि संबंधी कार्य, दोपहर 02:30 से 04 बजे तक घरेलू उपभोक्ता एवं सायं 04 से 05:30 बजे तक गैर-घरेलू उपभोक्ता उपस्थित होकर अपनी आपत्तियां एवं सुझाव प्रस्तुत कर सकते हैं। इसी तरह 20 फरवरी 2026 को दोपहर 12:00 से 01:30 बजे तक स्थानीय निकाय, नगर निगम एवं ट्रेड यूनियन आदि, दोपहर 02:30 से 04:00 बजे तक निम्न दाब उद्योग एवं सायं 04:00 से 05:30 बजे तक उच्च दाब उद्योग अपनी सुझाव प्रस्तुत कर सकेंगे। याचिकाओं का विस्तृत विवरण आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। कबीरधाम जिले के सभी इच्छुक उपभोक्ता और विभिन्न संगठन इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया का हिस्सा बनकर अपने सुझाव दे सकते हैं।

पांडेटोला में विधायक भोला राम साहू ने कुदाली चलाकर सामुदायिक भवन निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

छुरिया (नांदगांव टाइम्स)। विकासखंड छुरिया अंतर्गत ग्राम पांडेटोला में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 14 फरवरी 2026 को विधिवत भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न हुआ। नवीन शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पांडेटोला में भूमिपूजन कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में खुज्जी विधानसभा के लोकप्रिय विधायक भोलाराम साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर कुदाली चलाकर कर भवन निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक साहू ने ग्रामवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि सामुदायिक भवन ग्रामीण क्षेत्र के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा। इससे ग्राम में

बैठकों, कार्यक्रमों और विभिन्न आयोजनों के लिए बेहतर सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों के लिए लगातार प्रयासरत है और हर गांव में मूलभूत सुविधाओं के विस्तार को प्राथमिकता दी जा रही है। विधायक ने समस्त ग्रामवासियों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह भवन ग्राम के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। उन्होंने स्वागत एवं अभिनंदन के लिए ग्रामीणों के प्रति आभार भी व्यक्त किया। कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुमदा के अध्यक्ष प्रताप धावड़े, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष छुरिया राजू सिन्हा, कांग्रेस कमेटी महामंत्री छुरिया पूरण नेताम, रोशन साहू, कीर्तन साहू सरपंच,सुभाष ठाकुर, ग्राम पटेल एवं उपसरपंच संतोष धनवागी सहित समस्त पंचगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

भोरमदेव शक्कर कारखाना में पेराई सत्र 2025-26 में गन्ना पेराई बंद होने की प्रथम सूचना जारी

पदमराज सिंह ठाकुर

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित कवर्धा, द्वारा पेराई सत्र 2025-26 में गन्ना पेराई बंद होने की प्रथम सूचना जारी की गई है। कारखाना प्रबंधन ने अपने कार्यक्षेत्र के समस्त अंशधारी एवं गैर-अंशधारी गन्ना उत्पादक कृषकों को सूचित किया है कि वर्तमान पेराई सत्र के अंतर्गत गन्ना खरीदी की अंतिम तिथि 19 फरवरी 2026 निर्धारित की गई है। कारखाना प्रबंधन द्वारा संबंधित गन्ना उत्पादक कृषकों को गन्ना आपूर्ति पर्ची प्रदाय कर दी गई है। जिन कृषकों को किसी कारणवश गन्ना आपूर्ति पर्ची प्राप्त नहीं हुई है, वे तत्काल कारखाना परिसर स्थित गन्ना विभाग अथवा अपने क्षेत्र सहायक से संपर्क कर पर्ची प्राप्त कर सकते हैं। ऐसे कृषक जिन्होंने अपना शेष गन्ना जूस, बीज अथवा गुड़ निर्माण के लिए सुरक्षित रखा है तथा शक्कर कारखाना में पेराई के लिए विक्रय नहीं करना चाहते हैं, उनसे अनुरोध है कि वे इस संबंध में कारखाना के गन्ना विभाग को लिखित सूचना उपलब्ध कराएं। कारखाना प्रबंधन ने जिले के समस्त गन्ना उत्पादक कृषकों से अपील करते हुए कहा है कि वे अपना शेष गन्ना 19 फरवरी 2026 तक कारखाना परिसर में पहुँचाना सुनिश्चित करें।

दूरस्थ क्षेत्रों में नि:शुल्क सोनोग्राफी शिविरों से 889 गर्भवती महिलाओं को मिला स्वास्थ्य सुरक्षा कवच

कबीरधाम(नांदगांव टाइम्स)। जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से नि:शुल्क सोनोग्राफी जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। वर्ष 2024-25 एवं 2025-26 के दौरान जिले में आयोजित शिविरों के माध्यम से कुल 889 गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी जांच की जा चुकी है, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की नियमित निगरानी संभव हो रही है। यह पहल मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बनकर सामने आई है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप गर्भवती महिलाओं को घर के पास ही स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शिविरों का आयोजन प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स. लोहरा में सबसे अधिक 203 महिलाओं की जांच हुई। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रेंगाखार में दो चरणों में शिविर आयोजित कर 238 महिलाओं को लाभ दिया गया। दुर्गम और पहाड़ी क्षेत्र होने के बावजूद प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तरेगांव जंगल में 146 महिलाओं की सोनोग्राफी जांच की गई।

युवा कल्याण समिति के तत्वाधान मे 2 दिवसीय मानस गान प्रतियोगिया का आयोजन हुआ संपन्न

बालोद (नांदगांव टाइम्स)। ग्राम चिचबोड़ - दिनांक 14 एवं 15 फरवरी 2026 को ग्राम चिचबोड़ में युवा कल्याण समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य समाज में धार्मिक चेतना, सांस्कृतिक एकता एवं श्रीराम चरित मानस के आदर्शों के माध्यम से धर्म, सत्य और सेवा के मार्ग पर प्रेरणा देना रहा।

इस पावन आयोजन में ग्राम अंगारी की सरपंच श्रीमती ममता डडसेना ने सहयोग स्वरूप 75001/- (पांच हजार एक रुपये) की आर्थिक सहायता प्रदान की। उनका यह योगदान समाज सेवा, धर्मनिष्ठा और सनातन संस्कृति के प्रति उनकी गहरी

आस्था का प्रतीक है।

श्रीमती डडसेना का सनातन धर्म के प्रति समर्पण केवल सरपंच बनने के बाद नहीं, बल्कि उनके जीवन का आरंभिक संस्कार रहा है। उन्होंने ग्राम अंगारी में त्रिमूर्ति मंदिर की स्थापना हेतु आर्थिक सहयोग प्रदान किया था, जिससे ग्राम में धार्मिक एकता का वातावरण बना। साथ ही उन्होंने पूर्व में महाशिवरात्रि पर्व पर भंडारे का आयोजन करवाया था और इस वर्ष भी भंडारा एवं महाप्रसाद की संपूर्ण व्यवस्था में सहयोग प्रदान किया। उनके इस धार्मिक योगदान से ग्राम में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण निर्मित हुआ तथा सभी ग्रामीणों ने उनके सेवा भाव की मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इस अवसर पर विशेष रूप से उपस्थित रहे —प्रमोद प्रकाश सोनेल सेवानिवृत्त प्राचार्य श्री जगेश्वर पटेल, पंच श्री गंगाधर साहू, पंच श्री किशनलाल साहू, एवं मनोज कुमार साहू,सभी अतिथियों ने आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक कार्यक्रम समाज को एकजुट करने का कार्य करते हैं और सनातन संस्कृति को नई पीढ़ी तक पहुँचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों ने सरपंच श्रीमती ममता डडसेना सहित सभी सहयोगियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया और आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यक्रम समाज को दिशा देने का कार्य करते रहेंगे। यह आयोजन न केवल धार्मिक दृष्टि से सफल रहा, बल्कि ग्राम चिचबोड़ एवं आसपास के क्षेत्रों में सनातन परंपरा, भक्ति और सामाजिक एकता का सशक्त संदेश भी देकर गया।

महाशिवरात्रि पर आतरगांव में ढोल-नगाड़ों के साथ निकली भव्य कलश यात्रा

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। आतरगांव में सर्व आदिवासी समाज एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में महाशिवरात्रि का पर्व

श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भव्य कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें ढोल-नगाड़ों की गूंज और च्हर-हर महादेवज्‍ के जयघोष से पूरा गांव भक्तिमय हो उठा। कार्यक्रम का आयोजन आदिवासी समाज के प्रमुखों के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। इस दौरान रोहिदास कंवर, बुधरूराम कंवर एवं हेमकुमार कोल्हे विशेष रूप से उपस्थित रहे। साथ ही ग्राम पंचायत की सरपंच खुशबु डामन साहू भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं और उन्होंने ग्रामीणों को महाशिवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन गांव की एकता और संस्कृति को मजबूत करते हैं। महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर पूरे गांव में शोभायात्रा निकाली। पारंपरिक वेशभूषा में सजे श्रद्धालु शिव मंदिर पहुंचे, जहां विधि-विधान से भगवान शिव की पूजा-अर्चना की गई। गांव की सुख-समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की गई। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ। पूरे आयोजन में ग्रामीणों का उत्साह और अनुशासन सराहनीय रहा।

धर्म समाचार....

कब है मनोरथ चतुर्थी? यहां पता करें शुभ मुहूर्त और योग

फाल्गुन का महीना बेहद पावन होता है। यह महीना देवों के देव महादेव को समर्पित होता है। इस महीने में महाशिवरात्रि के दिन भगवान शिव और मां पार्वती की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। साथ ही महाशिवरात्रि का व्रत रखा जाता है। इसके साथ ही कई अन्य प्रमुख पर्व फाल्गुन महीने में मनाए जाते हैं। फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के अगले दिन मनोरथ चतुर्थी मनाई जाती है। इस दिन भगवान गणेश की भक्ति भाव से पूजा की जाती है। साथ ही विशेष काम में सफलता पाने के लिए व्रत रख जाता है।

कब है ढुण्ढिराज चतुर्थी ?

हर साल फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि के अगले दिन ढुण्ढिराज चतुर्थी मनाई जाती है। इस साल शनिवार 21 फरवरी को ढुण्ढिराज चतुर्थी है। इस शुभ अवसर पर भगवान गणेश की पूजा की जाएगी।

ढुण्ढिराज चतुर्थी शुभ मुहूर्त

वैदिक पंचांग के अनुसार, 20 फरवरी को दोपहर 02 बजकर 38 मिनट पर फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी की शुरुआत होगी। वहीं, 21 फरवरी को दोपहर 01 बजे फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि का समापन होगा। सनातन धर्म में सूर्योदय से तिथि की गणना की जाती है। इसके लिए 21 फरवरी को विनायक चतुर्थी मनाई जाएगी।

ढुण्ढिराज चतुर्थी शुभ योग

फाल्गुन माह के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि पर कई मंगलकारी संयोग बन रहे हैं। इन योग में शिव परिवार की पूजा की जाएगी। इस शुभ अवसर पर शुभ, शुक्ल और रवि योग का संयोग है। शुक्ल योग का संयोग रात भर है। वहीं, रवि योग शाम 07 बजकर 07 मिनट तक है। इन योग में भगवान गणेश की पूजा करने से साधक के सुख और सौभाग्य में वृद्धि होगी।

पितरों का तर्पण करते समय करें इस खास स्तोत्र का पाठ, पितृ ऋण से मिलेगी राहत

वैदिक पंचांग के अनुसार, मंगलवार 17 फरवरी को फाल्गुन अमावस्या है। इस शुभ अवसर पर गंगा स्नान करने का विधान है। इसके लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु गंगा समेत पवित्र नदियों में आस्था की डुबकी लगाते हैं। इसके बाद भक्ति भाव से भगवान शिव की पूजा करते हैं। इस समय गंगाजल से देवों के देव महादेव का अभिषेक करते हैं। धार्मिक मत है कि फाल्गुन अमावस्या के दिन भगवान शिव की पूजा करने से साधक के जीवन में व्याप्त सभी प्रकार के संकटों से मुक्ति मिलती है। साथ ही साधक को मनचाहा वरदान मिलता है।

फाल्गुन अमावस्या के दिन शिवजी की पूजा करने से पितरों को मोक्ष की प्राप्ति होती है। अगर आप भी पितरों की कृपा पाना चाहते हैं, तो फाल्गुन अमावस्या के दिन तर्पण के समय शिव सहस्त्रनाम स्तोत्र का पाठ अवश्य करें।

शिव सहस्त्रनाम स्तोत्र

ध्यानम्

शान्तं पद्मासनस्थं शशिधरमुकुटं पञ्चवक्त्रं त्रिनेत्रं

शूलं वज्रं च खड्गं परशुमभयदं दक्षभागे वहन्तम् ।

नागं पाशं च घण्टां प्रलयहुतवहं साङ्कुशं वामभागे

नानालङ्कारयुक्तं स्फटिकमणिनिभं पार्वतीशं नमामि ॥

- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बेग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बेग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रेक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

महाशिवरात्रि पर्व में नगर में महाकाल यात्रा धूम धाम से निकाली गई, शिवमय हुआ डोंगरगांव

हनुमान मंदिर से निकली भगवान शिव की विवाह यात्रा, आत्मानंद स्कूल मैदान में बारातियों ने जमकर किया नृत्य

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। नगरीय क्षेत्र में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर रविवार को पूरा डोंगरगांव शिवमय हो उठा। पिछले पांच वर्षों की परंपरा को निभाते हुए इस वर्ष भी श्री महाकाल मित्र मंडल के तत्वावधान में बाबा महाकाल की भव्य बारात शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई।

शोभायात्रा का शुभारंभ हनुमान मंदिर से हुआ, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए स्वामी आत्मानंद स्कूल मैदान पहुंची। यात्रा में हजारों की संख्या में शिवभक्त, धर्मप्रेमी नागरिक, महिलाएं और युवा शामिल हुए। ष्हर-हर महादेवष्ज् और ष्ज? नमः शिवायष्ज् के जयघोष से पूरा नगर गुंजायमान रहा।

अघोरी बाबा की टीम बनी मुख्य आकर्षण

महाकाल की बारात में अघोरी बाबा की टीम ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके साथ ही विभिन्न टोलियों,झांकियों में शिव-पार्वती विवाह का सजीव चित्रण किया गया। नगर में जगह , जगह फूलों ओर आरती से स्वागत किया गया, आत्मानंद स्कूल मैदान में स्टेज कार्यक्रम के दौरान भगवान शिव और माता पार्वती की वरमाला एवं विवाह प्रसंग का मंचन किया गया, जिसे देखने बड़ी संख्या में श्रद्धालु देर रात तक डटे रहे। यात्रा में देव बस्तर से आई गढ़ माउली माता, दंतेश्वरी माता, बावनगढ़ के राजा खंडा मुड़िया बाबा, शीतला माता, बम्लेश्वरी माता, चंडी माता, पाताल भैरवी माता सहित विभिन्न देवी-देवताओं के स्वरूप आकर्षण का केंद्र रहे। इसके अलावा राऊत नाचा, पंथी नृत्य, मांदरी नृत्य, संबलपुरिया बाजा एवं डीजे की धुन पर बाराती जमकर झूमे।

नगर के शिव मंदिरों में गूंजा ओम नमः शिवाय,भजन-

कीर्तन के साथ भंडारा का आयोजन,

महाशिवरात्रि के अवसर पर नगर के साकेत धाम, जितेंद्रियम महाकालेश्वरम (मटिया तिराहा), ग्यारह ज्योतिर्लिंग शिव मंदिर (मटिया), कॉलेज रोड, सेवतापारा, किल्लापारा, करियाटोला, बोधीटोला, भाटापारा, कुम्हारपारा, कंडरापारा, दीपरापारा, राजीवनगर सहित विभिन्न शिव मंदिरों में दिनभर पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक और संगीतमय भजन-कीर्तन के साथ साथ महाप्रसादी भंडारा का भी आयोजन किया गया था। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भगवान शिव की आराधना की और सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन समिति की सफल व्यवस्था,आयोजन समिति द्वारा शोभायात्रा की व्यापक तैयारियां की गई थीं। पुलिस सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण ढंग से कार्यक्रम संपन्न हुआ। आयोजन समिति श्री महाकाल मित्र

मंडल ने नगरवासियों और श्रद्धालुओं के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। महाशिवरात्रि पर निकली इस भव्य महाकाल बारात ने डोंगरगांव में धार्मिक उत्साह और आस्था का अद्भुत वातावरण निर्मित कर दिया।

दक्षिणपीठ के जगदगुरू रामानंदाचार्य नरेन्द्राचार्य जी आज नगर में

अंबागढ़ चौकी (नांदगांव टाइम्स)। जगदगुरू रामानंदाचार्य नरेन्द्राचार्य जी मंगलवार को नगर में रहेंगे। वे अंबागढ चौकी नगर में आयोजित एक दिवसीय समसया मार्गदर्शन समारोह में छग एवं अन्य प्रदेश से आए हजारो भक्तो की समस्याओ पर मार्गदर्शन देंगे। स्वामी जगदगुरू रामानंदाचार्य नरेन्द्राचार्य जी महाराष्ट्र नाणीजधाम के दक्षिण पीठ के पीठाधीष्वर है। तुम जिओ एवं दुसरो को जीवन दो की प्रेरणा देने वाले जगदगुरू रामानंदाचार्य नरेन्द्राचार्य दक्षिणपीठ के पीठाधीष्वर मंगलवार को छग एवं दीगर प्रांत से आए भक्तजनो की समस्याओ पर मार्गदर्षन देंगे। रामानंद संप्रदाय भक्त सेवा मंडल छग द्वारा आयोजित समसया मार्गदर्शन समारोह मंगलवार को प्रातः नौ बजे से आरंभ होगा। यह कार्यक्रम नगर के ग्रीन पार्क क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित है। आयोजन को सफल बनाने के लिए पिछले एक महिने से तैयारिया एवं प्रचार प्रसार चल रहा है। आयोजक समिति रामानंद संप्रदाय भक सेवा मंडल छग से जुडे पदाधिकारी व कार्यकर्ताओ ने बताया की समस्या मार्गदर्शन में शामिल होने वाले भक्तो का पंजीयन एवं प्रवेश हेतु पर्ची मंगलवार को सुबह सात बजे से मिलना शुरू हो जाएगा। आयोजन समिति ने नगर एवं क्षेत्रवासियो से समसया मार्गदर्शन समारोह का लाभ उठाने की अपील की है।

रामानंद संप्रदाय के छग एवं दीगर प्रांत के हजारो भक्तो का आज नगर में मेला

जगदगुरू समस्या मार्गदर्शन समारोह में भक्तो की समस्याओ का निराकरण करेंगे

अमृत सरोवर तुमड़ीकसा मे हुआ सरोवर संवाद का आयोजन

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। जनपद पंचायत छुरिया के अंतर्गत ग्राम पंचायत राना मटिया के ग्राम तुमड़ीकसा के अमृत सरोवर में सरोवर संवाद/जन चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमे ग्रामीणों को चौपाल के माध्यम से विकसित भारत रोजगार एवं आजीविका मिशन ग्रामीण के सम्बन्ध मे जानकारी दी गई, जिसके अंतर्गत प्रति परिवार मानव दिवस 100 से बढ़ाकर 125 दिवस किया गया है। ग्रामीण अधोसंरचना के तहत निर्माण कार्य किया जाएगा।आजीविका मूलक कार्य की स्वीकृति प्राप्त होंगे। कार्यों का चिन्हांकन ग्राम पंचायत स्तर किया जाएगा। योजना के जानकारी प्राप्त करके ग्रामीण उत्साहित हुए। साथ ही ग्रामीणों को महात्मा गांधी नरेगा के तहत आजीविका डबरी निर्माण,प्रधानमंत्री आवास योजनाङ्कग्रामीण, स्वच्छ भारत मिशन योजना के सम्बन्ध चर्चा करके आवश्यक जानकारी दिया गया।योजनाओं से संबंधित जानकारी क्यूआर कोड के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है, जिससे ग्रामीण सरलता से योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर रहे है,सरोवर संवाद का आयोजन जनजागरूकता, समस्याओं के त्वरित निराकरण एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से किया जा रहा है। सरोवर संवाद मे सीईओ होरीलाल साहू, कार्यक्रम अधिकारी मोहित पटौदी, आवास ब्लॉक समन्वयक शैलेश अचित्य, एसबीएम ब्लॉक समन्वयक गिरधारी सुधाकर, करारोपण अधिकारी घनश्याम ठाकुर तकनीकी सहायक नितेश दामले, शुभम तिवारी, सरपंच, पंच सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

प्रिसिशन इंजी वर्क्स
स्टील अलमारी, स्ट्रोंग रूम गेट
सभी तरह के फेब्रीकेशन वर्क किया जाता है।
पता- इण्डस्ट्रियल एरिया, जीई रोड, राजनांदगांव
मो. 94060-11669

पहलवान चारभाठा में कोचिया को पकड़ कर भेजा गया जेल आरोपी के पास 32 नग देशी प्लेन शराब पकड़ाया

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। ग्राम पहलवान चारभाठा में अवैध शराब बिक्री करते हुए एक कोचिया के पास से एक व्यक्ति मोटर सायकल टीव्हीएस एक्सल सुपर क्रंमाक सीजी 08 व्ही 2194 गाड़ी में रखकर अवैध देशी शराब को ग्राम कुमर्दा से चारभाठा की ओर जा रहा है पुलिस को सूचना मिली और पुलिस द्वारा निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर के नेतृत्व में टीम गठित कर ग्राम कुमर्दा बडा तालाब के पास घेराबंदी कर एक आरोपी को पकडा गया। आरोपी के कब्जे से कुल 32 पौवा देशी शराब शोले एक मोटर सायकल टीव्हीएस एक्सल सुपर क्रंमाक सीजी 08 व्ही 2194- जप्त की गई। आरोपी सुंदरलाल वाल्दे पिता स्वा0 मनीराम वाल्दे उम्र 58 वर्ष निवासी ग्राम चारभाठा (कु.) को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

चेतना विकास मूल्य पर पांच दिवसीय कार्यशाला बीटीआई में सम्पन्न

डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)। चेतना विकास मूल्य शिक्षा बी टी आई, डोंगरगांव का पांच दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न हुआ। यह कार्यशाला छत्तीसगढ़ राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद व मानवीय शोध शिक्षा केंद्र अभ्युदय संस्थान , अछोटी जिला दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हुआ यह कार्यशाला छत्तीसगढ़ के विभिन्न डायट में भी डीएलएड, बी एड , एम एड के छात्रों के लिए नई शिक्षा नीति के तहत चेतना विकास मूल्य शिक्षा के लिए तैयारी है।जिसका प्रशिक्षण अभ्युदय संस्थान से बसंत साहू, पूनम साहू ,ने दिये।जिसका समापन समारोह में बी टी आई के प्राचार्य मुकुल साव के साथ शिक्षक देवेश जैन , एन आर लेंझरे , दुवे मैडम, पी एल साहू उपस्थित हुए सभी शिक्षकों ने कार्यक्रम की सराहना किया ,प्राचार्य श्री साव ने सभी बच्चों को इसे जीवन में उतारने के लिए अभ्यास करने के लिए कहा ताकि आने वाले कल के। विद्यार्थियों को चेतना विकास मूल्य शिक्षा दिया जा सके जो कि हर विद्यार्थी के सर्वांगीण विकास के लिए सहायक रहेगा।

छत्रपति शिवाजी महाराज का राष्ट्रीय गौरव यात्रा पाटेकोहरा व राजनांदगांव मे भव्य स्वागत, अभिनंदन

राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)। शौर्य व त्याग की मूर्ति कुर्मी समाज के कुल पुरुष वीर राष्ट्रीय महापुरुष छत्रपति शिवाजी महाराज के जन्मदिवस के अवसर पर राष्ट्रीय गौरव यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया है जो 14 फरवरी को सिंघमेंड़ , महाराष्ट्र से यात्रा निकलेगी जो 16 फरवरी 2026 को छत्तीसगढ़ में प्रवेश करेगी जहां राजनंदगांव दुर्ग भिलाई रायपुर होते हुए 19 फरवरी 2026 को जगन्नाथ पुरी पहुंचेगी। गरिमामयी राष्ट्रीय गौरव यात्रा 16 फरवरी को 12:30 बजे छत्तीसगढ़ में प्रवेश करेगी जहां पाटेकोहरा (चिचोला) , मे जिला कुर्मी क्षत्रिय समाज राजनांदगांव के अध्यक्ष श्री सुदेश देशमुख व प्रदेश युवा अध्यक्ष श्री योगेश्वर देशमुख के मार्गदर्शन में पाटेकोहरा पहुंचकर भव्य, स्वागत अभिनंदन किया जाएगा। राष्ट्रीय गौरव यात्रा 2:00 बजे राजनंदगांव के शिवाजी पार्क बूढ़ा तालाब के बाजू में स्थित विशाल कद वाले छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति पर पूजा अर्चना, माल्यार्पण,कर दुर्ग , भिलाई ,रायपुर के लिए प्रस्थान करेगी जिला कुर्मी क्षत्रिय समाज के अध्यक्ष श्री सुदेश देशमुख , छत्तीसगढ़ प्रदेश कुनबी समाज के अध्यक्ष श्री अजय कवड़, मराठा मलई समाज के अध्यक्ष श्री गणेश पवार,महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज के अध्यक्ष श्री रूपेश फाये ने आव्हान किया है की अधिक से अधिक संख्या में 2:00 बजे शिवाजी पार्क में उपस्थित होकर गौरव यात्रा का अभिनंदन स्वागत करें। जिला कुर्मी समाज राजनंदगांव के सचिव श्री भूपेंद्र चंद्राकर ने बताया की 19 फरवरी 26 को वीर शिवाजी महाराज का जन्म उत्सव बड़ी धूमधाम के साथ शिवाजी पार्क राजनांदगांव में मनाया जाएगा। इस अवसर पर जिला कुर्मी समाज राजनंदगांव की बैठक हुई जिसमें कुर्मी समाज के सम्मानित सदस्य गण श्री चंद्रिका प्रसाद जी देशमुख,श्री एस.के.बन्छोर, श्री अजय कड़व, योगेश्वर देशमुख,श्री दीपक देशमुख,श्री भूषण बेलचंदन, श्री भूपेंद्र चन्द्राकार ,श्री हबलाल सुकतेल,श्री बीरबल देशमुख,श्री राम नारायण चंद्रवंशी, श्री दिलीप कुमार चंद्राकर, श्री धर्मेंद्र भोर ,श्री पवन चंद्राकर,अध्यक्ष श्री सुदेश देशमुख (पूर्व महापौर) हेमंत देशमुख आदि बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।



पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का चिचोला में कांग्रेस नेता चुम्मन साहू ने किया ऐतिहासिक स्वागत

छुरिया (नांदगांव टाइम्स)। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आज छुरिया क्षेत्र के ग्राम जैतगुड़रा में आयोजित आदिवासी समाज के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम स्थल की ओर जाते समय ग्राम चिचोला में कांग्रेस नेताओं द्वारा उनका भव्य एवं ऐतिहासिक स्वागत किया गया। कांग्रेस महामंत्री चुम्मन साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बाजे-गाजे, फूलमालाओं एवं आतिशबाजी के साथ पूर्व मुख्यमंत्री का जोरदार अभिनंदन किया। स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, विधायक दलेश्वर साहू, कांग्रेस नेता नवाज खान सहित कई वरिष्ठ एवं स्थानीय नेता उपस्थित रहे। कार्यक्रम में भावेश सिन्हा, अमित अग्रवाल, सरपंच संगीता मंडलोई, फज्जू भाई, विनोद मंडलोई, उपसरपंच राकेश धनकर, सरपंच प्रतिनिधि प्रेम नाइक्कर, श्यामलाल सिन्हा, खेदूराम पाल, मनेश पाल, नवीन पाल, हेमंत सिन्हा, मगलू साहू, चॉंद्रिका वैष्णव, तुमेश साहू, घनश्याम साहू सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं ग्रामीणजन मौजूद रहे।

पोस्ट ऑफिस में फर्जीवाड़ा पर उग्र हुए आठ गांव के ग्रामीण, 05 घंटे स्टेशन रोड जाम कर धरना प्रदर्शन

डोंगरगढ़ (नांदगांव टाइम्स)। जटकहार पोस्ट ऑफिस में करोड़ों रुपये के कथित फर्जीवाड़े से आक्रोशित ग्रामीण खाताधारकों ने सोमवार को डोंगरगढ़ स्थित पोस्ट ऑफिस पहुंचकर अपनी जमा राशि वापस करने की मांग को लेकर जमकर हंगामा किया। जिम्मेदार अधिकारियों के अनुपस्थित रहने से नाराज ग्रामीणों ने पोस्ट ऑफिस के सामने रेलवे स्टेशन रोड जाम कर धरना दे दिया और नारेबाजी शुरू कर दी। शहर का मुख्य मार्ग अवरुद्ध होने से वाहनों की आवाजाही पूरी तरह ठप हो गई और आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। इसकी जानकारी मिलते ही डोंगरगढ़ थाना प्रभारी संतोष जायसवाल दल बल पहुंच धरना प्रदर्शन समाप्त करने का निवेदन भी किया गया परन्तु पोस्टआफिस जैसी सरकारी संस्थान से अपनी गाढ़ी कमाई खो चुके ग्रामीणों मानने को तैयार नहीं हुए और पोस्टआफिस के उच्चाधिकारियो से जमा रकम वापस मिलने के आश्वासन के बाद ही धरना समाप्त करने की जिद पर अड़े रहे। ग्रामीणों का आरोप था कि आसपास के गांव को मिलाकर लगभग 3000 खातों से लगभग करोड़ों रु का फर्जीवाड़ा किया गया है जिसकी रिपोर्ट थाना डोंगरगढ़ में करने के बावजूद अब तक फरार चल रहे पोस्ट ऑफिस के कर्मचारी पोस्ट मास्टर आशीष मंडावी के खिलाफ कोई भी कार्यवाही नहीं की गई और ना ही उन्हें गिरफ्तार किया हुआ है जिससे प्रतीत होता है कि गरीब की कोई सुनवाई नहीं है।

दो गोरले ने लगाया चूना।

वहीं ग्रामीणों ने बताया कि इससे पहले भी एक्सेस बैंक के कर्मचारी उमेश गोरले के द्वारा खाताधारकों से लगभग 15 करोड़ की धोखाधड़ी की जा चुकी है और वह जेल की भी हवा खा रहा है परन्तु क्या पैसा वापस होगा इसकी गारंटी नहीं ?? वहीं दूसरे गोरले देवेंद्र कुमार गोरले ने नौकरी लगाने के नाम पर दो दर्जन से अधिक लोगों को लाखों का चूना लगा दिया और पांच शिकायतकर्ताओं के द्वारा शिकायत करने के बावजूद देवेन्द्र कुमार गोरले व जयप्रकाश यादव के खिलाफ अब तक एफआईआर दर्ज क्यों नहीं की गई जिससे पुलिस प्रशासन की मिलीभगत का अंदेशा होता है। वहीं ग्रामीणों ने बताया कि हम सुकन्या योजना, एफडी,आरडी जैसे खातों के तहत नगदी रकम जमा करते थे जिसकी रसीद हूबहू पोस्टऑफिस की रसीद सील जैसी होती थी।

प्रदर्शन की जानकारी प्रशासन को नहीं।

लगातार पांच घंटे मुख्य मार्ग को जाम कर प्रदर्शन करने की जानकारी ना ही एसडीएम को थी और ना ही पुलिस प्रसाधन को ?

इस विषय पर चर्चा करने पर डोंगरगढ़ थाना प्रभारी संतोष जायसवाल ने बताया कि हमें चक्का जाम सहित धरना प्रदर्शन की जानकारी नहीं दी गई।

मुद्दा बनाने का प्रयास।

वहीं ग्रामीणों ने बताया कि इस बात की जानकारी पोस्ट ऑफिस के कर्मचारियो को लगभग दो माह से जानकारी थी परन्तु कोई कार्यवाही नहीं होने से जनहित के न्याय के लिए ग्रामीणों के द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया जिसमें कोई भी राजनैतिक पार्टी इस मुद्दे पर अपने कार्यकर्ताओं के साथ हो हल्ला कर रही है सब बेकार है। जनप्रतिनिधि भी धरने में शामिल- ग्रामीणों का समर्थन करने जनपद सदस्य गुलशन लिल्हारे भी मौके पर पहुंचे और धरने पर बैठकर नारेबाजी की। वहीं पोस्ट ऑफिस के भीतर शहर कांग्रेस अध्यक्ष हरीश भंडारी ने भी विरोध जताते हुए कर्मचारियों की भूमिका पर सवाल उठाए। भंडारी ने आरोप लगाया कि डोंगरगढ़ पोस्ट ऑफिस के कर्मचारियों की सांठगांठ के बिना करोड़ों रुपये का फर्जीवाड़ा संभव नहीं है। उन्होंने स्थानीय कर्मियों की भूमिका को भी संदिग्ध बताया।तहसीलदार ने दिया आश्वासन- स्थिति को नियंत्रित करने तहसीलदार भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। प्रशासन के आश्वासन के बाद ग्रामीणों से सड़क खाली करने की अपील की गई, लेकिन देर शाम तक जिम्मेदारी तय करने को लेकर ग्रामीणों और प्रशासन के बीच बहसबाजी चलती रही।धर संभागीय पोस्ट ऑफिस ने पूरे प्रकरण की जांच शुरू कर दी है। पुलिस और विभागीय स्तर पर चल रही जांच के बीच अब प्रभावित

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मो: 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com